वर्ल्ड ट्रेवल मार्केट रिस्पॉन्सबिल टूरिज़्म इंडिया अवार्ड

चर्चा में क्यों?

27 जुलाई, 2022 को मध्य प्रदेश के प्रमुख सचिव (पर्यटन और संस्कृति) एवं प्रबंध संचालक टूरिज़्म बोर्ड शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि वर्ल्ड ट्रेवल मार्केट रिस्पॉन्सबिल टूरिज़्म इंडिया अवार्ड की मेजबानी भोपाल करेगा।

प्रमुख बिंदु

- इसके साथ ही मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा **ADTOI-MP** चेप्टर एसोसिएशन ऑफ डोमेस्टिक टूर ऑपरेटर्स ऑफ इंडिया के सहयोग से रिस्पॉन्सबिल टूरिज़्म पर एक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी।
- 30 अगस्त, 2022 से शुरू होने वाले ये कार्यक्रम 10 सितंबर, 2022 तक चलेंगे। इसके अंतर्गत यूके, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, फ्राँस सहित विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों वाली एक आईसीआरटी टीम मध्य प्रदेश के विभिन्न गंतव्यों का दौरा करेगी। टीम का नेतृत्व आईसीआरटी के संस्थापक निदेशक और रिस्पॉन्सबिल टूरिज़्म पार्टनरशिप के प्रबंध निदेशक डॉ. हेरोल्ड गुडविन करेंगे।
- यह टीम प्रदेश के समृद्ध विरासत स्थलों और ग्रामीण पर्यटन के विकसित गाँवों का अवलोकन करेगी। साथ ही प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में ग्राम-स्टे, स्थानीय भ्रमण, पारंपरिक व्यंजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी शिरकत करेगी।
- यह टीम मंडला में प्रोजेक्ट क्लीन डेस्टिनेशन (सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट), प्रोजेक्ट रिस्पॉन्सबिल सोवेनियर एवं ओरछा में प्रोजेक्ट हमसफर की समीक्षा भी करेगी।
- उल्लेखनीय है कि इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सबिल टूरिज़्म **(ICRT)** ऐसे प्रबुद्धजनों का एक नेटवर्क है, जो केपटाउन घोषणा का समर्थन करते हैं। इसमें कई सहयोगी संगठन और संबद्ध केंद्र हैं। इसकी स्थापना 2002 में हेरोल्ड गुडविन द्वारा पर्यटन गंतव्यों में रिस्पॉन्सबिल टूरिज़्म और 2002 के केप टाउन घोषणा के परिणामस्वरूप की गई थी।
- आईसीआरटी नेटवर्क के सदस्य रिस्पॉन्सबिल टूरिज्म की अवधारणा को विकसित करने और बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं। इंटरनेशनल सेंटर फॉर रिस्पॉन्सबिल टूरिज़्म द्वारा वर्ष 2004 से वर्ल्ड रिस्पॉन्सबिल टूरिज़्म अवार्ड की शुरुआत की गई।
- इस अवार्ड का उद्देश्य विश्व में रिस्पॉन्सबिल टूरिज़्म को बढ़ावा देना एवं संस्थाओं द्वारा इस क्षेत्र में किये जा रहे अच्छे कार्यों के संबंध में जागरूक करना है।
- वर्ल्ड रिस्पॉन्सबिल टूरिज्म अवार्ड 10 विभिन्न श्रेणियों में दिया जाता है। अभी तक यह अवार्ड कार्यक्रम लंदन में डब्ल्यू.टी.एम. में होता था। पहली बार भारत एवं सब कॉन्टिनेंट का अवार्ड लंदन से बाहर भोपाल में होने जा रहा है।
- इस अवार्ड में भारत के अतिरिक्त पाकिस्तान, श्रीलंका, इंडोनेशिया, भूटान, मलेशिया एवं नेपाल आदि देश हिस्सा लेंगे। अवार्ड के विजेता का अंतर्राष्ट्रीय ज्यूरी द्वारा चयन किया जाएगा, जिसके अध्यक्ष डॉ. हेराल्ड गुडविन होंगे।
- इस अवार्ड की प्रमुख श्रेणियाँ निम्न हैं-
    - डिकार्बनाइजिंग ट्रेवल एंड टूरिज्म
    - सस्टेनिंग एम्पालाइज एंड कम्युनिटी थ्रू पेंडेमिक
    - डेस्टिनेशन बिल्डिंग बैक बेटर पोस्ट कोविड
    - इंक्रीज डायवरसिटी इन टूरिज्म, हाउ इंक्लूसिव इज अवर इंडस्ट्रीज
    - रिड्यूसिंग प्लास्टिक वेस्ट इन द इनवायरमेंट
    - ग्रोइंग द लोकल इकोनॉमिक बेनीफिट
    - एक्सेस फॉर द डिफ्रेंटली एबल्ड एस ट्रेवलर्स, इम्पलाइज एंड हॉलीडे मेकर्स
    - इंक्रीज टूरिज्म कॉन्ट्रीब्यूशन टू नेचुरल हेरीटेज एंड बायो डायवर्सिटी
    - कंजरविंग वाटर एंड इंप्रूविंग वाटर सिक्योरिटी एंड सप्लाई फार नेबर्स
    - कॉन्ट्रीब्यूटिंग टू कल्चरल हेरीटेज

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/world-travel-market-responsible-tourism-india-award